मेड इन इंडिया 'डाटामेल' रूस को देगा उनकी भाषा में ईमेल आईडी सेवा

– वेब और स्मार्टफोन के जरिए 140 मिलियन से अधिक रूसियों ने किया भारतीय तकनीक के अभिनव प्रयोग का निशुल्क इस्तेमाल
– भारतीय कंपनी डाटा एक्सजेन टैक्नोलॉजीस और रूसी कंपनी वेबनेम्स लिमिटेड ने बनाया एक संयुक्त उपक्रम ПОЧТА.РУС LLC (POST.RUS LLC)
– स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने वाले रूस के लगभग 84 मिलियन लोग एक भारतीय कंपनी के अभिनव प्रयोग के कारण अब कर सकेंगे अपनी ही भाषा में ईमेल आईडी का उपयोग
– पिछले 13 वर्षों से रूस सिरिलिक ईमेल आईडी के अपने सपने को पूरा करने में जुटा था, जिसे अब साकार किया एक भारतीय अन्वेषक ने

भारत/रूस 7 दिसंबर, 2016

भारतीय भाषाओं में दुनिया के पहले निशुल्क भाषाई ई-मेल पते की शुरुआत करने वाली कंपनी डाटामेल ने रूस में वेब और स्मार्टफोन का उपयोग करने वाले लोगों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव की शुरुआत कर दी है।

तकनीक के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल करने वाले डाटा एक्सजेन टैक्नोलॉजीस के संस्थापक सीईओ डॉ. अजय डाटा ने रूस की डोमेन रजिस्ट्री कंपनी के साथ सहभागिता करते हुए ПОЧТА.РУС LLC (POST.RUS LLC) नाम से एक संयुक्त उपक्रम की स्थापना की है। इस संयुक्त उपक्रम की घोषणा रूसी कंपनी वेबनेम्स लिमिटेड और भारतीय कंपनी डाटा एक्सजेन टैक्नोलॉजीस ने साझा तौर पर आज मास्को में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में की।

डाटामेल.भारत ने हाल ही आठ भारतीय भाषाओं में दुनिया के पहले निशुल्क भाषाई ई-मेल आई-डी की शुरुआत करते हुए एक नया इतिहास रचा था। यह तकनीकी समाधान ठीक उसी दिशा में था, जैसा रूसी कंपनी वेबनेम्स लिमिटेड पिछले 13 वर्षों से कोशिश कर रही थी। वेबनेम्स लिमिटेड का प्रयास था कि अंग्रेजी के स्थान पर रूसी ईमेल आईडी की शुरुआत की जाए। ПОЧТА.РУС LLC (POST.RUS LLC)नामक संयुक्त उपक्रम के गठन के बाद अब वेब और स्मार्टफोन के जरिए रूस के 140 मिलियन से अधिक लोग भारतीय तकनीक के अभिनव प्रयोग का निशुल्क इस्तेमाल कर सकेंगे।

डाटा एक्सजेन टैक्नोलोजीस प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक सीईओ डॉ अजय डाटा बताते हैं, 'भाषाई ईमेल आईडी बनाने के सपने को भारत ने पूरा कर दिखाया है और अब पूरी दुनिया इसका इस्तेमाल कर सकती है। मुझे यह बताते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है कि भारत ने निशुल्क भाषाई ई-मेल आई-डी की शुरुआत की है, जिसका उपयोग अब दुनिया के वो लोग कर सकेंगे, जो गैर अंग्रेजी भाषी हैं। रूसी भाषा में ईमेल आई डी की शुरुआत के बाद अब जल्द ही हम दूसरे और देशों के लोगों के लिए भी भाषाई ईमेल आईडी शुरू करेंगे, ताकि वे अरबों लोग भी भाषाई बाधाओं को पार करते हुए इंटरनेट का इस्तेमाल कर सकें, जो अंग्रेजी भाषा का उपयोग नहीं कर पाते हैं।'

रूसी भाषा में निशुल्क ईमेल आईडी- ПОЧТА.РУС LLC (POST.RUS LLC) की शुरुआत के अवसर पर मास्को में आयोजित समारोह में इंटरनेट ओम्बड्समैन ऑफ द रशियन फैडरेशन दिमित्री मेरिनिचेव,

ईस्टर्न यूरोप एंड सेंट्रल एशिया के लिए आईसीएएनएन के वाइस प्रेसीडेंट मिखाइल याकुशेव, एसोसिएशन ऑफ इंटरनेट ऑफ थिंग्स के डायरेक्टर आंद्रेई वी. कोलेस्निकोव, आरईजी.आरयू के डायरेक्टर कोरोल्जुक अलेक्सेई निकोलायेविच, डाटा एक्सजेन टैक्नोलॉजीस के सीईओ डॉ अजय डाटा (भारत), रूसनेम्स लिमिटेड के डायरेक्टर सोजोनोव अलेक्सेई अलेक्जांड्रोविच और वेबनेम्स लिमिटेड के निदेशक शारिकोव सर्गेई निकोलायेविच भी शामिल हुए।

वेबनेम्स एलएलसी के डायरेक्टर और नवगठित संयुक्त उपक्रम ПОЧТА.РУС LLC (POST.RUS LLC) के सीईओ अलेक्सेई सोजोनोव कहते हैं- 'रूस में आईडीएन वेब एड्रेस के लिए एक अग्रणी कंपनी होने के नाते अब अब अपनी ही भाषा में डोमेन और ईमेल आईडी की सेवा की शुरुआत करते हुए एक नया इतिहास बनाने जा रहे हैं और जाहिर है कि इसे लेकर हम बहुत रोमांचित अनुभव कर रहे हैं। यह रूस का 13 साल पुराना सपना है, जो अब एक भारतीय प्रवर्तक डॉ. अजय डाटा की सहायता से पूरा हो पाया है। निश्चित तौर से हम कह सकते हैं कि ПОЧТА.РУС LLC (POST.RUS LLC) की शुरुआत के साथ ही रूस के नागरिक अपने को और सशक्त अनुभव करेंगे।'

डाटा एक्सजेन टैक्नोलॉजीस के सीईओ डॉ. अजय डाटा ने आगे कहा- 'सिरिलिक ईमेल आईडी सेवा की शुरुआत के जरिए रूस के नागरिकों को और सशक्त बनाने की इस पहल के लिए दरअसल मैं हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, जिन्होंने डॉट भारत सेवा शुरू की और हमें आठ भारतीय भाषाओं में डोमेन उपलब्ध कराए। हालांकि डिजीटल इंडिया के हमारे विजन से हम बहुत पीछे हैं। इसलिए हमें ऐसे भारतीय नागरिकों को अपनी क्षेत्रीय भाषा में ई-मेल के जरिए संवाद कायम करने की सुविधा मुहैया करानी चाहिए, जो अंग्रेजी भाषा के साथ आसानी से काम नहीं कर पाते और जो अपनी भाषा में इंटरनेट का उपयोग करना चाहते हैं। इस लिहाज से डॉट भारत को देश के हर कोने में फैलाना चाहिए और इस मिशन में सहयोग करने के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं।'

रूस में इंटरनेट का उपयोग पिछले पांच वर्षों के दौरान दुगना हो गया है और अब 84 मिलियन लोग इसका उपयोग कर रहे हैं। वहां 50 मिलियन से ज्यादा लोग मोबाइल फोन के जरिए इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं और यह संख्या रूस की वयस्क आबादी की करीब आधी है। भारतीय हैंडसेट के विपरीत रूसी हैंडसेट पहले से ही सिरिलिक कीबोर्ड के लिए सक्षम हैं और इन्हें किसी भी बाहरी एप्लीकेशन के समर्थन की जरूरत भी नहीं होती। इस खूबी के कारण रूसी ईमेल आईडी की अनुकूलता भारत की तुलना में अधिक तेजी से हो जाएगी।

डाटामेल क्या है ?

भारत में तैयार की गई 'डाटामेल' सेवा दरअसल दुनिया की पहली ऐसी भाषाई ई-मेल सेवा है जहां पर संपर्क@डाटामेल.भारत की तर्ज पर हिंदी, गुजराती, उर्दू, पंजाबी, तमिल, तेलुगू, मराठी, बंगाली में डोमेन नेम बनाने की सुविधा होगी।

यह सेवा सभी के लिए निशुल्क उपलब्ध है और इसे आईओएस और एंड्रॉयड फोन पर साधारण मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है। प्लेस्टोर के जरिए डाटामेल डाउनलोड करने के बाद कोई भी अपनी पसंदीदा भाषा में ईमेल आईडी बना सकता है।

डाटा एक्सजेन टैक्नोलॉजीस के बारे में और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.xgenplus.com/about-us/ पर लॉगइन करें।

Contact for more information:

Adfactors PR Pvt. Ltd.
Nitin Jagad + 91 7737767070 | nitin.jagad@adfactorspr.com